**Coverage of first cut-off of AUD**

**Amar Ujala, dated 17.10.2020**

दिल्ली युवा Youth

# बीए ऑनर्स साइकोलॉजी की पहली कटऑफ 99 फीसदी

## आंबेडकर विश्वविद्यालय : पहली बार बाहरी राज्यों की कटऑफ दिल्ली से ज्यादा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी) की बीए ऑनर्स साइकोलॉजी प्रोग्राम की पहली कटऑफ 99 फीसदी तक गई है। विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार अन्य राज्यों की कटऑफ दिल्ली से अधिक है। दिल्ली की कटऑफ 97.50 और अन्य राज्यों की 99 फीसदी तक गई है। बीए ऑनर्स में सभी प्रोग्राम की कटऑफ ज्यादा है।

विश्वविद्यालय में 85 फीसदी सीटें दिल्ली और 15 फीसदी दूसरे राज्यों के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। आंबेडकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 से स्नातक प्रोग्राम में दाखिले के लिए कटऑफ जारी की है। पिछले साल की तुलना में .50 फीसदी तक का उछाल हुआ है। पिछले साल बीए ऑनर्स साइकोलॉजी में दाखिला के लिए सबसे ऊंची कटऑफ जारी की थी।



| बीए( ऑनर्स ) | दिल्ली | अन्य राज्य (% में) |
|---|---|---|
| साइकोलॉजी | 97.50 | 99.00 |
| इकॅनोमिक्स | 96.50 | 96.75 |
| सोशियोलॉजी | 96.5 | 98.25 |
| इंग्लिश | 96.25 | 96.75 |
| सोशल साइंस व ह्यूमैनिटी | 96.25 | 98.25 |
| इतिहास | 96.50 | 97.00 |
| गणित | 93.00 | 94.50 |

**85 फीसदी सीटें दिल्ली और 15 फीसदी दूसरे राज्यों के छात्रों के लिए आरक्षित**

इसके तहत दिल्ली से बाहर के राज्यों के छात्रों के लिए 98.50 फीसदी तो दिल्ली के छात्रों के लिए 97.75 फीसदी कटऑफ थी। दूसरी कटऑफ 20 अक्तूबर को जारी होगी। यदि सीट खाली रहती हैं तो कुल पांच कटऑफ जारी की जाएगी।

### ऑनलाइन दाखिले की सुविधा

कोरोना के चलते इस बार दाखिला प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। इसके अलावा ऑनलाइन ही प्रोविजनल दाखिला भी मिलेगा। कटऑफ के तहत योग्य उम्मीदवारों को ऑनलाइन ही दस्तावेज स्कैन करके अपलोड करने होंगे। दाखिला समिति ऑनलाइन ही जांच करके दाखिला सीटें अलॉट करेंगी।

**Hindustan, dated 17.10.2020**

# बीए ऑनर्स साइकोलॉजी में 99 फीसदी कटऑफ




नई दिल्ली | **वरिष्ठ संवाददाता**

अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 से स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए गुरुवार देर रात पहली कटऑफ जारी कर दी है। इसके तहत इस बार दाखिला के लिए सबसे ऊंची कटऑफ बीए ऑनर्स साइकोलॉजी की है।

एयूडी ने दिल्ली से बाहर के राज्यों के छात्रों के लिए बीए ऑनर्स साइकोलॉजी में दाखिला के लिए सबसे ऊंची 99 फीसदी की कटऑफ जारी की है। वहीं, दिल्ली के छात्रों के लिए 97.50 फीसदी की कटऑफ जारी की है।

एयूडी की तरफ से शैक्षणिक सत्र 2020-21 में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए जारी कटऑफ में शैक्षणिक सत्र 2019-20 की तुलना में .50 फीसदी का उछाल हुआ है। एयूडी को स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए एक सीट पर 20 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। स्नातक स्तर पर संचालित कुल 17 पाठ्यक्रमों की कुल 764 सीटों के लिए इस वर्ष कुल 15600 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## दिल्लीवालों के लिए 85 फीसदी सीटें आरक्षित

दिल्ली सरकार के अधीन संचालित होने वाले एयूडी में दिल्ली सरकार की आरक्षण नीति का पालन किया जाता है। एयूडी की कुल सीटों में से 85 फीसदी सीटें दिल्ली वालें छात्रों के लिए आरक्षित हैं। 15 फीसदी सीटें दिल्ली से बाहर के राज्यों के छात्रों के लिए आरक्षित हैं।

## ऑनलाइन प्रोविजनल दाखिला दे रहा है एयूडी

कोरोना के मद्देनजर एयूडी ने इस बार दाखिला प्रक्रिया में व्यापक बदलाव किए हैं। जिसके तहत दाखिला प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन संचालित होगी। एयूडी के मुताबिक कटऑफ में पात्र अभ्यर्थियों को दाखिला के लिए ऑनलाइन ही आवेदन व दस्तावेज स्कैन कर अपलोड करने होंगे।

## 20 अक्टूबर को आएगी दूसरी कटऑफ

एयूडी स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला को 20 अक्टूबर को दूसरी कटऑफ जारी करेगा। इस वर्ष दाखिला के लिए कुल पांच कटऑफ एयूडी से जारी की जाएंगी। तीसरी कटऑफ 26 अक्टूबर को जारी होगी, वहीं चौथी कटऑफ 2 नंवबर तो पांचवीं कटऑफ 6 नवंबर को जारी की जाएगी।

**NBT, dated 17.10.2020**

# AUD का कटऑफ ग्राफ ऊपर, 99% पर साइकॉलजी

■ विस, नई दिल्ली : आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली (AUD) की अंडरग्रैजुएशन की पहली कटऑफ दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए 0.5% से लेकर 2.75% तक की बढ़ोतरी लेकर आई है। साइकॉलजी के लिए यह सबसे ज्यादा 99% (.5% ऊपर) तक गई है, हालांकि यह दिल्ली से बाहर के स्टूडेंट्स के लिए है। दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए 97.5% (.25% ऊपर) है। इसी तरह, इंग्लिश ऑनर्स के लिए दिल्ली के बाहर के स्टूडेंट्स के लिए 96.75% है, तो दिल्ली के लिए 96.25%।

> इंग्लिश ऑनर्स के लिए दिल्ली के बाहर के स्टूडेंट्स के लिए
> **96.75%**
> है, तो दिल्ली के लिए
> **96.25%**

यूनिवर्सिटी ने अपनी पहली कटऑफ गुरुवार देर रात को जारी की। दिल्ली सरकार की इस यूनिवर्सिटी में दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए 85% सीटें रिजर्व हैं। बाकी 15% सीटें बाहर वालों के लिए है। स्टूडेंट्स को पहली लिस्ट पर 15 और 17 अक्टूबर के बीच डॉक्युमेंट्स अपलोड करने का समय दिया गया है। फीस 19 अक्टूबर तक दी जा सकती है। आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली और दिल्ली से बाहर के स्टूडेंट्स के लिए अलग-अलग कटऑफ जारी करती है। सभी कोर्स में बाहर के स्टूडेंट्स की कटऑफ ज्यादा है मगर पिछले साल के मुकाबले दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए सीट की लड़ाई मुश्किल है। हिस्ट्री ऑनर्स के लिए यह दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए 96.5% (1.25% ऊपर) है, तो बाहर के स्टूडेंट्स के लिए 97% है। बीए ऑनर्स-मेजर इन मैथमैटिक्स के लिए दिल्ली के स्टूडेंट्स को [illegible] और दिल्ली के बाहर के स्टूडेंट्स के लिए यह 94.5% है। साइकॉलजी ऑनर्स के लिए यह 99% और 97.5% (दिल्ली) है। सोशियॉलजी के लिए 96.5% और 98.25% है। यह सभी कोर्स कश्मीरी गेट कैंपस में चलते हैं। वहीं, करमपुरा कैंपस में चलने वाले बीए, ग्लोबल अफेयर्स में यह [illegible] है, पिछले साल यह [illegible] थी। सस्टेनेबल अर्बनिज्म में यह 88% है (2.5% ऊपर)।

**ToI, dated 17.10.2020**

# Cutoffs as high as 99% in first list released by Ambedkar Univ

Times News Network

**New Delhi:** Ambedkar University Delhi (AUD) released its first cutoff list for admission in undergraduate courses on early Friday. The highest cut-off is at 99% in psychology for aspirants from outside Delhi. The university reserves 85% of its seats for city students.

The cutoff for the psychology course is 97.5% for city students. For aspirants from outside Delhi, the cutoff for BA Honours with a major in social sciences & humanities is 98.25%, compared with 96.25% for city students.

Similarly, the cutoff for the history course is 97% for students from Delhi and 96.5%; whereas for BA Honours with a major in sociology, the cutoff is 98.25% for non-city students and 96.5% for residents.

AUD is a Delhi government-run university and releases two sets of cutoffs for NCT residents and non-NCT residents every year. For Delhi-based aspirants to get admission in Economics (Honours), they need 96.5% and 93% for Mathematics course.

The admission process is online this year due to the pandemic. "The entire process of uploading/furnishing documents, verification of documents, payment of fees and admissions is online. No applicant or any of their guardians/relatives will be physically allowed on the university campus for the admission process or for submitting any document," the university stated in its press release.

The institute added that physical verification of all documents will be done later.

**The Hindu, dated 16.10.2020**

# AUD releases first cut-off list for UG applicants

## Students can upload papers till Oct. 17

STAFF REPORTER
NEW DELHI

The Ambedkar University Delhi (AUD) released the first cut-off list for its merit-based undergraduate courses on Thursday night.

### Highest cut-off

At 99%, BA(Hons) psychology has the highest cut-off for students outside of Delhi. The cut-off on the same course for those from within Delhi is 97%.

BA (Hons) sociology has a 98.25% cut-off for students from outside Delhi and for applicants from the city, it demands 96.5%.

For BA (Hons) social sciences and humanities, there was a difference of 2% in the cut-off for candidates in NCT and outside Delhi, 96.25% and 98.25%, respectively. The cut-off for BA (Hons) economics stood at 96.5% and 96.75% for NCT and outside NCT candidates respectively. BA (Hons) mathematics has an asking score of 94.5% for students outside of the city while 93% for those from Delhi.




Applicants will be able to pay fee on the portal till October 19.

Applicants will be able to upload documents only till October 17, but the portal will remain open for fee payment till October 19.

### Entire process online

The entire admission process will be online this year, including the verification of documents. AUD reserves 85% of its seats for students from Delhi.

**Dainik Jagran, dated 16.10.2020**

# एयूडी की पहली कटऑफ सूची जारी

जासं, नई दिल्ली : अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने बृहस्पतिवार देर रात कर्मपुरा व कश्मीरी गेट परिसर में संचालित हो रहे विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पहली कटऑफ सूची जारी कर दी है। शुक्रवार व शनिवार को छात्र सुबह 10 से शाम 5 बजे तक दाखिला ले सकते हैं।

बीए ऑनर्स अर्थशास्त्र में दाखिले के लिए दिल्ली के छात्रों के लिए कटऑफ बेस्ट फोर में 96.50 फीसद और अन्य राज्यों के लिए 96.75 फीसद है। वहीं अंग्रेजी ऑनर्स के लिए दिल्ली के विद्यार्थियों का 96.25 और अन्य राज्यों के विद्यार्थियों का 96.75 फीसद अंक होना चाहिए। इतिहास ऑनर्स में 96.50, गणित ऑनर्स में 93, फीसद, समाजशास्त्र में 96.50, सामाजिक विज्ञान और ह्यूमैनिटीज में 96.25 फीसद कटऑफ है। आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए अलग कटऑफ लिस्ट जारी की गई है। जिनके प्रमाण पत्रों का सत्यापन हो जाएगा, वे 19 अक्टूबर तक फीस जमा करके दाखिला ले सकेंगे।